केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

परिवेश भवन, दिल्ली - 32

सं.सी-27011/2/2016-17-हिन्दी/ १८९ दिनांक : 05.08.2019

परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार केन्द्रीय बोर्ड में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह हिन्दी दिवस कार्यक्रम दिनांक **13 सितम्बर, 2019 (शुक्रवार-सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस)** को आयोजित किया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ बोर्ड के मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए चार प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। **जिनका विवरण एवं रूपरेखा इस प्रकार है:**

क्र.सं	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	पुरस्कारों की राशि	पुरस्कारों की संख्या	पात्रता
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता **लेख भेजने की अंतिम तिथि** - 30 अगस्त 2019	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्गों के अधिकारी/ कर्मचारी
02.	हिन्दी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार प्रतियोगिता **आयोजन तिथि-** 4 सितबर, 2019 (बुधवार) **समय:** प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक **स्थान:** भूतल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की जाएगी।	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्गों के अधिकारी/ कर्मचारी
03.	"हर चित्र कुछ कहता है" प्रतियोगिता **आयोजन तिथि-** 2 सितबर, 2019 (सोमवार) **समय:** प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक **स्थान:** भूतल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की जाएगी।	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्गों के अधिकारी/ कर्मचारी
04.	"शब्द स्मरण" प्रतियोगिता **आयोजन तिथि-** 6 सितबर, 2019 (शुक्रवार) **समय:** प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक **स्थान:** भूतल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की जाएगी।	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्गों के अधिकारी/ कर्मचारी

2. पहली प्रतियोगिता **"वैज्ञानिक/तकनीकी लेख"** प्रतियोगिता होगी। लेख का विषय **"कहीं बाढ़, कहीं सूखा - जल संरक्षण कितना आवश्यक"** रहेगा। इस पर उत्कृष्ट भाषा शैली, अर्थपूर्ण, जन-जागरूकता बढ़ाने वाले लेख की प्रस्तुति आवश्यक होगी जो अधिकतम 15 पृष्ठों तक का होना चाहिए। **लेख मौलिक होना चाहिए।**

3. दूसरी प्रतियोगिता अर्थात "हिन्दी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार" के लिए 100 अंकों का प्रश्न-पत्र तैयार किया जाएगा। जिसमें हिन्दी में नोटिंग/ड्राफ्टिंग, पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिन्दी पर्याय एवं हिन्दी वाक्यों शब्दों का अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे। परीक्षा अवधि 2 घंटे की होगी।

4. तीसरी प्रतियोगिता **"हर चित्र कुछ कहता है"** प्रतियोगिता है। इसके अंतर्गत सभी प्रतियोगियों को प्रतियोगिता के दिन प्रतियोगिता स्थल पर ही एक चित्र दिखाया जाएगा जिस पर 10 मिनट का समय सोचने के लिए एवं 30 मिनट का समय उस पर अनुच्छेद लिखने के लिए दिया जाएगा। अनुच्छेद न्यूनतम 200 शब्दों का तथा अधिकतम की कोई सीमा नहीं होगी। चित्र पर अपने विचारों को भाषा शैली, अर्थपूर्णता, सार्थक संदेश के साथ प्रस्तुत करना होगा। **निर्णय विशुद्ध रूप से प्रतियोगी द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट भाषा शैली, अर्थपूर्णता, सार्थक संदेश पर आधारित होगा न की शब्दों की संख्या पर।**

5. चौथी प्रतियोगिता **"शब्द स्मरण"** प्रतियोगिता है, इसके अंतर्गत सभी प्रतियोगियों को प्रतियोगिता के दिन प्रतियोगिता स्थल पर ही सभी प्रतिभागियों को समान 100 प्रशासनिक/पर्यावरणीय शब्दों का संकलन दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को शब्दों के समरण (memories) हेतु 15 मिनट का समय दिया जाएगा। तत्पश्चात 30 मिनट का समय दिया जाएगा उन स्मरणित (memorised) शब्दों को लिखने का। शब्दों की संख्या एवं वर्तनी शुद्धता के आधार पर अंक दिए जाएंगे।

6. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित तिथि अर्थात **दिनांक 23.08.2019** तक अपने नाम एवं लेख अधिकतम **दिनांक 30.08.2019** तक राजभाषा प्रभाग में भेजने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त नामों एवं लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं हिंदी दिवस कार्यक्रम से पहले आयोजित की जाएंगी। किसी भी प्रतियोगिता में दो या अधिक प्रतिभागियों के अंक समान होने की दशा में उन्हें प्राप्त पुरस्कार राशि आपस में साझा करनी होगी। विजेता अधिकारियों/कर्मचारियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। जिनका वितरण हिन्दी दिवस 2019 के आयोजन की तिथि अर्थात् 13 सितंबर, 2019 को किया जाएगा। सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल का फैसला अंतिम एवं मान्य होगा।

(हेमलता रहेजा)

प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)

सेवा में,

....

सभी अधिकारी/कर्मचारी, केन्द्रीय बोर्ड, (मुख्यालय)

प्रतिलिपि :

1. प्रभारी, वित्त लेखा अधिकारी, केन्द्रीय बोर्ड
2. सभी प्रभाग प्रभारी - कृपया अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
3. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट
4. प्रभारी, आई.टी प्रभाग - कृपया इस परिपत्र को केन्द्रीय बोर्ड के वेबसाइट में अपलोड करें।